हरियाणा पुलिस में इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल्स के लिए 1500 चालक कौशल रोजगार निगम के जरिए रखेंगे

प्रदेश पुलिस के पास 630 रिस्पांस व्हीकल्स हैं, एक पर 2.4 का अनुपात के हिसाब से चालक चाहिए

डॉ. सुरेंद्र धीमान / सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 30 नवंबर : हरियाणा पुलिस 630 इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल्स (ईआरवी) के लिए 1500 चालक हरियाणा कौशल रोजगार निगम के जरिए रखेगी। गृह विभाग ने पुलिस महानिदेशक पीके अग्रवाल का प्रस्ताव मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में वीरवार को होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में रखने का फैसला किया है। अगर मंजूरी मिली तो ये चालक निगम के जरिए रख लिए जाएंगे। पुलिस महानिदेशक तो 1500 स्पेशल पुलिस अफसर (एसपीओ) रखना चाहते थे मगर सरकार ने फैसला किया कि ये एसपीओ (चालक) कौशल रोजगार निगम के जरिए रखे जाएं। इसके लिए 30 जून, 2022 को पालिसी जारी हो चुकी है। इन चालकों को निगम वेज मिलेंगे। नेचुरल डेथ पर तीन लाख रुपये एक्सग्रेशिया देने का प्रस्ताव है। मंत्रिमंडल इसे कम या ज्यादा कर सकता है। छुट्टी का प्रावधान निगम पालिसी अनुसार होगा। कौशल रोजगार निगम के अनुसार चालक के लिए 10वीं पास होना जरूरी है।